# मुक्त चिन्तन

News Letter

॥ सरस्वती नः सुभगा मयस्करत् ॥

उ०प्र० राजर्षि टण्डन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज

उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा निर्गत अधिनियम संख्या 10, 1999 द्वारा स्थापित











## मुक्त विश्वविद्यालय ने क्षय रोगियों को पोषण पोटली वितरित की

## मुक्त विश्वविद्यालय में हुआ गुजरात राज्य स्थापना दिवस का आगाज़

## डॉक्युमेंट्री में दिखाई गई गुजरात के शानदार विकास की झलक

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल एवं कुलाधिपति श्रीमती आनंदीबेन पटेल की प्रेरणा एवं मार्गदर्शन से उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय में गुजरात राज्य स्थापना दिवस (1 मई) समारोह का भव्य आयोजन किया जा रहा है। 29 अप्रैल से 2 मई तक प्रस्तावित समारोह के प्रथम दिन बुधवार दिनांक 29 अप्रैल, 2026 को विश्वविद्यालय में क्षय रोगियों को पोषण पोटली का वितरण किया गया तथा गुजरात राज्य के चहुंमुखी विकास से संबंधित डॉक्युमेंट्री का प्रदर्शन किया गया। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के अधिकारियों एवं शिक्षकों ने क्षय रोग पीड़ितों को गोद लेने का संकल्प लिया।



*कार्यक्रम का संचालन करते हुए डॉ0 त्रिविक्रम तिवारी*



*क्षय रोग पीड़ितों को पोषण पोटली वितरण करते हुए माननीय कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम जी*







*क्षय रोग पीड़ितों को पोषण पोटली वितरण करते हुए कुलसचिव कर्नल विनय कुमार एवं विश्वविद्यालय के शिक्षकगण*













*क्षय रोग पीड़ितों को पोषण पोटली वितरण करते हुए विश्वविद्यालय के शिक्षकगण*



प्रारंभ में कार्यक्रम संयोजक प्रोफेसर मीरा पाल ने कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम का स्वागत किया तथा संचालन डॉ0 त्रिविक्रम तिवारी ने की। धन्यवाद ज्ञापन कुलसचिव कर्नल विनय कुमार ने किया। जनसंपर्क अधिकारी डॉ प्रभात चन्द्र मिश्र ने बताया कि गुजरात राज्य स्थापना दिवस के आगामी कार्यक्रमों में 30 अप्रैल 2026 को विश्वविद्यालय द्वारा गोद लिए गांव गोहरी में स्वच्छता कार्यक्रम एवं कस्तूरबा विद्यालय का भ्रमण किया जाएगा। इसी प्रकार 1 मई 2026 को गंगा परिसर से पदयात्रा, साइकिल यात्रा एवं मंदिर भ्रमण का कार्यक्रम रखा गया है तथा 2 मई 2026 को रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रमों में गुजरात के पारंपरिक लोकनृत्य तथा शिल्पमेला का आयोजन अटल प्रेक्षागृह में किया जायेगा।

# टीबी मरीजों को सहयोग, सहानुभूति और मानसिक समर्थन दें– प्रोफेसर सत्यकाम



इस अवसर पर कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने कहा कि टी बी एक गंभीर बीमारी अवश्य है लेकिन यह पूर्णतः इलाज योग्य है। इसके लिए समय पर पहचान, नियमित दवा और सकारात्मक सोच की आवश्यकता है। आज चिकित्सा विज्ञान ने इतनी प्रगति कर ली है कि यदि मरीज निर्धारित अवधि तक सही तरीके से उपचार ले तो वह पूर्णतः स्वस्थ जीवन जी सकता है।

प्रोफेसर सत्यकाम ने सभी रोगियों से आग्रह किया कि वह अपने इलाज में किसी भी प्रकार की लापरवाही न करें। दवाओं को बीच में छोड़ना न केवल स्वास्थ्य के लिए हानिकारक है बल्कि यह बीमारी को और अधिक जटिल बना सकता है। प्रोफेसर सत्यकाम ने समाज के सभी वर्गों से अपील की कि वे टीबी के मरीजों के प्रति किसी भी प्रकार का भेदभाव न करें। उन्हें सहयोग, सहानुभूति और मानसिक समर्थन देना हमारी नैतिक जिम्मेदारी है। कुलपति ने कहा कि इस तरह की बीमारी से लड़ाई दवाओं से ही नहीं बल्कि हौसले और समर्थन से भी जीती जाती है।

कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम ने कहा कि कुलाधिपति श्रीमती पटेल की प्रेरणा से विश्वविद्यालय निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर है। सामाजिक सरोकारों से जुड़कर विश्वविद्यालय जन जन तक अपनी पहुंच बना रहा है। मुक्त विश्वविद्यालय सदैव जन स्वास्थ्य, जागरूकता और सामाजिक उत्तरदायित्व के प्रति प्रतिबद्ध रहा है। मुक्त विश्वविद्यालय गुजरात राज्य स्थापना दिवस के अवसर पर सेवा कार्य के इस उत्तरदायित्व का सफलतापूर्वक निर्वहन करेगा। उन्होंने गुजरात राज्य के विकास पर आधारित वृत्तचित्र प्रदर्शित करने पर स्वास्थ्य विज्ञान विद्या शाखा की सराहना की।





# गुजरात स्थापना दिवस के पावन अवसर पर

मुक्त विश्वविद्यालय में

## डॉक्युमेंट्री में दिखाई गई गुजरात के शानदार विकास की झलक









कार्यक्रम का संचालन करती हुई असि. प्रोफेसर तुबा फातिमा



गुजरात राज्य के चहुंमुखी विकास से संबंधित डॉक्युमेंट्री का प्रदर्शन देखते हुए माननीय कुलपति प्रोफेसर सत्यकाम जी, विश्वविद्यालय परिवार के सदस्यगण









# गुजरात स्थापना दिवस के पावन अवसर पर

मुक्त विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केंद्र आगरा के अंतर्गत संचालित अध्ययन केन्द्र अमरनाथ गर्ल्स डिग्री कॉलेज, मथुरा में

## गरबा–रास नृत्य का भव्य आयोजन




गुजरात स्थापना दिवस के पावन अवसर पर उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय, प्रयागराज के क्षेत्रीय केंद्र आगरा के अंतर्गत संचालित अमरनाथ गर्ल्स डिग्री कॉलेज, मथुरा में 29/04/2026 को गरबा–रास नृत्य का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में भारतीय संस्कृति, एकता एवं विविधता की भावना को प्रोत्साहित करना रहा।

कार्यक्रम में छात्राओं ने पारंपरिक गुजराती वेशभूषा में गरबा–रास प्रस्तुत कर समूचे परिसर को सांस्कृतिक रंगों से सराबोर कर दिया। ढोल, ताली और पारंपरिक संगीत की मधुर धुनों पर प्रस्तुत नृत्य ने उपस्थित सभी लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया।इस आयोजन में कार्यक्रम आयोजक डॉ. चंचल (समन्वयक, अमरनाथ गर्ल्स डिग्री कॉलेज) के मार्गदर्शन में कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न कराया गया। कार्यक्रम की गरिमा को बढ़ाने हेतु संरक्षक डॉ. रेखा सिंह (क्षेत्रीय समन्वयक, आगरा) का भी प्रेरणादायी संदेश रहा।








# गुजरात स्थापना दिवस के पावन अवसर पर
## मुक्त विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केंद्र आगरा द्वारा स्कूटी रैली







## क्षेत्रीय केंद्र, आगरा

दिनांक 29 अप्रैल 2026 को उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केंद्र, आगरा में गुजरात दिवस बड़े उत्साह और गरिमा के साथ मनाया गया। इस अवसर पर क्षेत्रीय केंद्र की प्रभारी डॉ. रेखा सिंह की उपस्थिति में एक विशेष स्कूटी रैली (Scooty Yatra) का आयोजन किया गया। जिसका उद्देश्य "गुजरात मॉडल" के प्रति जागरूकता फैलाना तथा समाज में एकता, विकास और सांस्कृतिक गौरव का संदेश देना था।डॉ. रेखा सिंह ने अपने संबोधन में कहा कि गुजरात दिवस केवल एक राज्य का स्थापना दिवस नहीं, बल्कि यह प्रगति, नवाचार और सुशासन का प्रतीक है। उन्होंने विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि वे गुजरात के विकास मॉडल से सीख लेकर अपने जीवन एवं समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाएँ।गुजरात दिवस के इस आयोजन ने न केवल विद्यार्थियों और स्टाफ में उत्साह का संचार किया, बल्कि समाज में विकास एवं एकता का संदेश भी फैलाया। स्कूटी रैली के माध्यम से महिलाओं की भागीदारी और सशक्तिकरण का एक सशक्त उदाहरण प्रस्तुत हुआ। कार्यक्रम सफलतापूर्वक संपन्न हुआ और सभी प्रतिभागियों ने इसे अत्यंत प्रेरणादायक अनुभव बताया।




# गुजरात स्थापना दिवस के पावन अवसर पर

## मुक्त विश्वविद्यालय के क्षेत्रीय केंद्र बरेली पर डाक्यूमेन्ट्री का प्रदर्शन

उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के क्षेत्रीय केंद्र बरेली

गुजरात स्थापना दिवस के पावन अवसर के उपलक्ष में उत्तर प्रदेश राजर्षि टंडन मुक्त विश्वविद्यालय प्रयागराज के क्षेत्रीय केंद्र बरेली पर गुजरात राज्य की स्थापना और विकास के संदर्भ में एक व्रत चित्र का आयोजन किया गया जिसमें गुजरात की गौरव गाथा का उत्सव मनाने के साथ ही साथ एक नए विकसित भारत के निर्माण की सहभागिता को प्रस्तुत किया गया कार्यक्रम में क्षेत्रीय समन्वयक डॉक्टर सतेन्द्र बाबू , विनटेक कंप्यूटर एजुकेशन के निदेशक मनीष विश्वकर्मा , विश्वविद्यालय के कर्मचारी, शिक्षार्थी एवं अभिभावक गण उपस्थित रहे ।












